दिन–बुधवार दिनांक– 04/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

भाजपा ने छह राज्यों में होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए नौ उम्मीदवारों की घोषणा की है। बिहार में पांच सीटों के लिए भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार को उम्मीदवार बनाया है। जदयू को दो सीटें दी गयी हैं। वहीं, पांचवीं सीट के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा का नाम तय किया गया है। सोलह मार्च को होने वाले चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की कल अंतिम तारीख है।

————————————————————————————

रंगों का त्योहार होली आज पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। प्रदेश में होली को लेकर हर तरफ उत्साह और उमंग का माहौल है। हर तरफ होली के गीत गाये जा रहे हैं। लोग सुबह से ही एक दूसरे को रंग लगाकर होली मना रहे हैं। बच्चे भी रंग–गुलाल, पिचकारी से एक दूसरे को सराबोर कर रहे हैं। गया, औरंगाबाद, अररिया और शेखपुरा सहित अन्य जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सुबह से ही लोग एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रहे हैं। फगुआ के पारंपरिक गीत ने माहौल को उत्साहजनक बना दिया है।

————————————————————————————

रंगों का त्योहार होली बिहार के हर अंचल में अनोखे और परंपरागत अंदाज में मनाया जाता है। मिथिला के सहरसा के बनगांव की घुमौर होली ब्रज की तरह प्रसिद्ध है। इसे राजकीय मान्यता प्राप्त है। होली के इस स्वरूप की शुरूआत प्रसिद्ध संत लक्ष्मीनाथ गोंसाई ने की थी। वहीं, समस्तीपुर के धमौन में छाता लेकर फगुआ मनाने की परंपरा है। होली के दिन स्थानीय निवासी बांस से बनी आकर्षक छतरियों को लेकर स्वामी निरंजन मंदिर पहुंचते हैं और होली खेलते हैं। मगध क्षेत्र में बूढ़ा मंगल होली की प्रथा है। यह होली बुजुर्गों के सम्मान में अबीर और गुलाल के साथ खेली जाती है। भोजपुर में धुरखेल होली की परंपरा है। होलिका दहन की राख को लोग एक दूसरे को

लगाकर हवा में उड़ाते हैं। बांका जिले के आदिवासी बहुल गांवों में होली के दिन लोग रंग की जगह एक दूसरे पर पानी डालते हैं। रंग का इस्तेमाल पूरी प्रतिबंधित रहता है। सांस्कृतिक विविधता वाले राज्य बिहार में होली मनाने के अंदाज भले अलग हों, लेकिन इन सबके मूल में उल्लास, उमंग और सद्भाव का भाव है।

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने होली पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्यौहार सभी के जीवन में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करता हैं। वहीं, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि होली असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, भाईचारा और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व होली हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने लोगों से आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की है। इधर, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने लोगों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। जदयू, राजद, लोजपा—रामविलास और राष्ट्रीय लोक मोर्चा सहित अन्य दलों ने भी होली पर राज्य की सुख—समृद्धि और प्रगति की कामना की है।

————————————————————————

प्रदेश में आठ मार्च को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस, महिला रोजगार दिवस के रूप में मनाया जायेगा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इसके तहत सभी जिला मुख्यालयों पर महिला उद्यमी और जीविका दीदी स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जुड़ी जानकारी देंगी।

————————————————————————

आईसीसी पुरुष टी—ट्वेंटी विश्व कप का पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज शाम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जायेगा। आठ मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल खेला जाएगा।

——————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।